दिनांक 21.10.2024 समय: 2.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री—शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वैश्विक भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि देश सभी क्षेत्रों में एक अभूतपूर्व स्तर पर आगे बढ़ रहा है। एक निजी मीडिया आउटलेट द्वारा आयोजित विश्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रूप में एआई को मान्यता देता है, जबकि भारत एक दूसरा एआई—आकांक्षी भारत है। उन्होंने कहा कि जब विश्व अनिश्चितता में उलझा हुआ था, तब भारत आशा के एक प्रकाशस्तंभ के रूप में उभरकर सामने आया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे कार्यकाल के सिर्फ एक सौ 25 दिनों में 9 लाख करोड़ रुपये की लागत की ढांचागत परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है और 15 नई वंदे भारत रेलगाड़ियों की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि आठ हवाई अड्डों के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई है, पांच लाख घरों की छतों पर सौर संयंत्र स्थापित किये गये हैं और 90 करोड़ से अधिक पौधा रोपण किये गये हैं।

मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज उज्जैन में सिंहस्थ मेला आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बताया कि उज्जैन की पहचान साधु संतों से है। इसलिए यहां साधु—संतो, महंत, अखाड़ा प्रमुखों, महामंडलेश्वर आदि महात्माओं के लिए स्थायी आश्रम बनाए जाएगे।

उज्जैन में 12 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाला सिहंस्थ मेले का आयोजन 2028 में किया जाएगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में पुलिस शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर अमर शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में अमर जवान ज्योति स्तंभ पर पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी भी दी।

उद्योग मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विन्ध्य में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इन्हें गति देने के लि 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। उद्योगों के विकास की सभी बाधाएं दूर की जाएंगी। सभी उद्योगपति अपनी कठिनाइयों को उद्योग विभाग अवगत कराएं। हर जिले में निवेश संवर्धन केन्द्र खोल दिये गये हैं। उद्योगपतियों की स्थानीय कठिनाइयों को दूर करने की जिम्मेदारी कमिश्नर और कलेक्टर की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य

के उद्योगपतियों को उत्पादों के निर्यात के लिए कंटेनर की सुविधा मिलेगी। अब रेल के साथ मालवाहक हवाई जहाजों से भी परिवहन होगा।

पशुपालन राज्य मंत्री

पशुपालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने भोपाल में दुग्ध संपदा डेयरी स्टेट का अवलोकन किया। उन्होंने शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र में संधारित शुद्ध शाहीवाल गाय, शुद्ध जर्सी गाय एवं जर्सी शाहीवाल क्रॉस गायों के रखरखाव, तीनों नस्लों के दूध का फैट प्रतिशत, दुग्ध उत्पादन आदि के बारे में जानकारी ली। राज्य मंत्री श्री पटेल ने निर्देश दिए कि क्षेत्र को लाभकारी बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए।

प्रधानमंत्री–पुलिस स्मृति दिवस

पुलिस स्मृति दिवस पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पुलिसकर्मियों की बहादुरी और बलिदान को सम्मानित किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिसकर्मियों के अटूट समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वे साहस और दृढ़ संकल्प की मिसाल हैं। श्री मोदी ने मानवीय चुनौतियों के दौरान पुलिसकर्मियों के सक्रिय प्रयासों और सहायता की भी सराहना की।

पीएम–उड़ान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना ने भारत के विमानन क्षेत्र को बदल दिया है। उड़ान योजना की 8वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना ने हवाई अड्डों और हवाई मार्गों की संख्या में वृद्धि के साथ करोड़ों लोगों के लिए उड़ान तक पहुंच सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि साथ ही, इस योजना का व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।

उप–मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का सुदृढ़ीकरण कर फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) के रूप में विकसित करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में पदोन्नति की प्रक्रिया की समीक्षा की और नियमों के अनुसार प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्तापूर्ण प्रदाय के लिए चिकित्सकीय मैनपॉवर का मनोबल और उत्साहवर्धन अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए।